14/05/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि उसकी ओर से आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से 90 प्रतिशत से अधिक शिकायतों का निपटारा कर दिया गया है और कांग्रेस तथा भारतीय जनता पार्टी को छोड़कर राजनीतिक दलों की ओर से कोई बड़ी शिकायत लंबित नहीं है। आयोग ने आज एक बयान में कहा कि विभिन्न राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों ने 425 प्रमुख शिकायतें दर्ज कराई हैं। इनमें से 400 मामलों में कार्रवाई हो चुकी है या निपटारा हो चुका है। इनमें से कांग्रेस की 170, भाजपा की 95 और अन्य दलों की 160 शिकायतें हैं।आयोग ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में कांग्रेस और भाजपा की एक-दूसरे के खिलाफ कुछ शिकायतें लंबित हैं। आयोग आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले नेताओं को नोटिस जारी करता रहा है। 00000000000000

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए नाम दाखिल करने का आज अंतिम दिन है। इस चरण में सात राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश की 57 लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। उत्तर प्रदेश और पंजाब की 13-13, पश्चिम बंगाल की 9, बिहार की 8, ओडिशा की 6, हिमाचल प्रदेश की 4, झारखंड की 3 और केंद्रशासित प्रदेश चंडीगढ की एक सीट पर सातवें चरण में वोट डाले जाएंगे। नामांकन पत्रों की जांच कल की जाएगी। शुक्रवार तक नाम वापस लिए जा सकते हैं।

इस चरण के लिए अगले महीने की पहली तारीख को मतदान होगा।

0000000000000000000

भारत ने नीदरलैंड के रोटरडैम में चल रहे विश्व हाईड्रोजन सम्मेलन 2024 में अपना पहला पवेलियन स्थापित किया है। इस पवेलियन का अनावरण नवीकरणीय ऊर्जा सचिव भूपेन्द्र एस. भल्ला ने किया। यह हरित हाईड्रोजन के क्षेत्र में देश की प्रगति को दर्शाता है। इस सम्मेलन में दुनियाभर से लगभग पन्द्रह हजार प्रतिनिधियों के भाग लेने की उम्मीद है। भारत ने वर्ष 2030 की समाप्ति तक पचास लाख मिट्रिक टन हरित हाईड्रोजन उत्पादन करने की क्षमता हासिल करने के लक्ष्य के साथ पिछले साल जनवरी में राष्ट्रीय हरित हाईड्रोजन कार्यक्रम शुरु किया था। 0000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के टी परनायक ने कल सशस्त्र बलों को वाइब्रेंट बॉर्डर विलेज कार्यक्रम के तहत सीमावर्ती गांवों को विकसित करने में उनके सहयोगात्मक योगदान का सुझाव दिया। उन्होंने राजभवन में 56 इन्फैंट्री डिवीजन के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल आकाश जौहर से मुलाकात के दौरान उन्होंने वास्तविक नियंत्रण रेखा पर समग्र सुरक्षा परिदृश्य, वाइब्रेंट बॉर्डर विलेज के विकास और नागरिक आबादी और राज्य में तैनात सैनिकों के बीच सौहार्द को मजबूत करने पर चर्चा की। राज्यपाल ने गाव के आसपास रहने वाले लोगों की भलाई और सुरक्षा के लिए भारतीय सेना के योगदान की सराहना की।

इससे पहले, मेजर जनरल आकाश जौहर ने स्थानीय लोगों तक पहुंचने और सशस्त्र बलों और उनके बीच सद्भावना को मजबूत करने के प्रयासों को मजबूत करने का आश्वासन दिया।

0000000000000000000000

अपातानी महिला एसोसिएशन - जीरो ने आईसीआर क्षेत्र में नाबालिगों की मानव तस्करी और यौन रैकेट के हालिया मामले की कड़ी निंदा की है। एक बयान में, एसोसिएशन ने सराहनीय कार्य के लिए राजधानी पुलिस की सराहना करते हुए कहा भारत के संविधान के तहत मानव तस्करी निषिद्ध है। एसोसिएशन ने इस बात पर जोर दिया गया कि मामले को अत्यधिक प्राथमिकता और संवेदनशीलता के साथ निपटाया जाना चाहिए और पीड़ितों के स्वास्थ्य लाभ और पुनर्वास के लिए सुरक्षित वातावरण की अपील की गई। एसोसिएशन ने पीड़ितों की शिकायतों को दर्ज करने के लिए एक समर्पित विशेष सेल के निर्माण की आवश्यकता पर जोर दिया।

0000000000000000000000

भारत का सबसे प्राचीन अर्द्धसैनिक बल असम राइफल्स इस महीने की 18 तारीख को कलिमपोंग में **सर्विंग दोज हू सर्वड अस** शीर्षक से पूर्व कर्मियों की एक रैली आयोजित करेगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पश्चिम बंगाल, सिक्किम और पडोसी पूर्वोत्तर राज्यों के अनुभवी कर्मियों को समर्थन देना और सम्मानित करना है।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में असम राइफल्स के लेफ्टिनेंट जनरल पी.सी. नायर इस रैली का संचालन करेंगे। यह रैली कलिमपोंग मुख्यालय 27 डिवीजन के फुटबॉल ग्राउंड में सुबह साढे दस बजे शुरू होगी। इस रैली के लगभग तीन घंटे चलने की आशा है। पूर्व कर्मियों को इस कार्यक्रम में भागीदारी करने के लिए आमंत्रित किया गया है। 000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के अपर सियांग जिले के गोबुक और रामसिंग गांवों में पहली सियांग जैव विविधता बैठक 2024 चल रही है। सप्ताहभर चलने वाली इस जैव विविधता बैठक की शुरुआत 12 मई को हुई है। यह बैठक 18 मई को समाप्त होगी। इस कार्यक्रम का आयोजन मौलिंग राष्ट्रीय उद्यान सह वन्य जीवन प्रभाग और तितली न्यास के समर्थन से एपम सिरम वेलफेयर सोसायटी के सहयोग से गोबुक वेल्फेयर सोसायटी द्वारा किया गया है। सिर्फ अपर सियांग जिले में हाल के वर्षों में दस नई प्रजातियों के कीट का पता चला है। यह खबर अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक पत्रिका ट्रॉपिकल लेपिडोप्टेरा रिसर्च में प्रकाशित की गई थी।

इन नई प्रजातियों की खोज ने इस जिले में सियांग जैव विविधता बैठक का द्वार खोला। इस सर्वेक्षण में तितलियों की दो सौ पचास से अधिक प्रजातियां, छह सौ 50 से अधिक कीटों की प्रजातियां, दो सौ चिडियों की प्रजातियां और कई दंतपंखियों (odonates) की प्रजातियों का पता चला है। 000000000000000000000

भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा वित्त पोषित आत्महत्या जोखिम न्यूनीकरण और मानसिक कल्याण में सुधार पर बहुराज्यीय परियोजना कल राजीव गांधी विश्वविद्यालय में शुरू की गई। परियोजना की अवधि इसके पहले चरण में तीन साल के लिए है और इसे अरुणाचल प्रदेश सहित 8 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एक साथ चलाया जाएगा। अरुणाचल प्रदेश के लिए, आरजीयू के अरुणाचल इंस्टीट्यूट ऑफ ट्राइबल स्टडीज को नोडल केंद्र बनाया गया है और Project's Principal Investigator and Co-PIs के तहत ईटानगर राजधानी क्षेत्र, पापुम पारे, लोअर सुबनसिरी, दिबांग वैली, लोअर दिबांग वैली और लोहित जिलों में स्कूल और कॉलेज का सर्वेक्षण किया जाएगा।

0000000000000000000000